**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,**
**लखनऊ – 226010**

संख्या :- 25 /01/कम्प्यू.अनुभाग (बारह)/2019/01-परीक्षा(वि०च०) 2017

लखनऊ : दिनांक : 03 सितम्बर, 2020

**विज्ञप्ति**

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा(वि०च०) 2017, कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2017 के अंतर्गत विज्ञापित कनिष्ठ सहायक के रिक्त 115 पदों पर भर्ती हेतु सम्पन्न लिखित परीक्षा एवं द्वितीय चरण की टंकण परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का दिनांक- 01-09-2020 से 04-09-2020 तक आयोजित होने वाले साक्षात्कार के स्थगन संबन्धी आयोग की सूचना संख्या-1000/गोपन अनुभाग /01/8/ 2019/2020, दिनांक-30-08-2020 का संदर्भ ग्रहण करें।

2- आयोग की उक्त सूचना के क्रम में साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये गए समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनका साक्षात्कार **दिनांक 15-09-2020 से 23-09-2020** तक **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ** स्थित कार्यालय में दो पालियों में आयोजित किया जायेगा। **प्रथम पाली हेतु रिपोर्टिंग का समय प्रातः 10:00 बजे व द्वितीय पाली हेतु रिपोर्टिंग का समय अपराह्न 01: 00 बजे होगा।**

3- प्रश्नगत साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि **जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में साक्षात्कार शुल्क का भुगतान किया जा चुका है, उन्हें पुनरीक्षित कार्यक्रम के अनुसार साक्षात्कार पत्र व अन्य प्रपत्र डाउनलोड करने हेतु पुनः साक्षात्कार शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं** है।

4- उक्त के अतिरिक्त ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में साक्षात्कार शुल्क का भुगतान नहीं किया है, वे साक्षात्कार-पत्र डाउनलोड करने हेतु पहले अपनी श्रेणी यथा- अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अनुसार क्रमशः रु० 60, 20 तथा 20 (ओ०बी०सी०-60 रू० तथा एस०सी० व एस०टी०-20 रू०) ऑनलाइन साक्षात्कार शुल्क जमा करें। साक्षात्कार शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना साक्षात्कार-पत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकेगा । साक्षात्कार शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध **Examination/Interview Segment** के अंतर्गत **Download Interview Letter** पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर, जन्मतिथि व जेन्डर भर कर **Download Interview Letter** क्लिक करेगा, तदनुक्रम में अभ्यर्थी Application Fee Payment Module में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करेगा।

5- साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके शैक्षिक अभिलेखादि का परीक्षण नहीं हुआ है । साक्षात्कार के समय गहनता से सभी मूल अभिलेखादि का परीक्षण किया जायेगा । अतः साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक व अन्य अभिलेखादि की मूल प्रतियों तथा उनकी छायाप्रतियों के साथ ही **नवीन साक्षात्कार-पत्र के साथ डाउनलोड किये गये अन्य चारों प्रपत्रों व विज्ञप्ति के साथ संलग्न स्व-घोषणा पत्र को प्रिन्ट कर व भरकर**, निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

6- यदि कोई अभ्यर्थी कोविड-19 प्रोटोकॉल के दृष्टिगत निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित नहीं हो पा रहा है अथवा अभ्यर्थी कोविड-19 पॉजिटिव है, तो वह अपना प्रार्थना पत्र साक्ष्य/कारण को संलग्न करते हुए आयोग के **ई-मेल upsssc2014@gmail.com**पर भेज सकता है और ऐसे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार **दिनांक 06-10-2020 को पूर्वाह्न 10 बजे** आहूत किया जाएगा , जिसके लिए कोई पृथक से सूचना नहीं दी जाएगी अतः ऐसे अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उनके साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि 06-10-2020 को पूर्वाह्न 10 बजे प्रत्येक दशा में आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

03/09/2020

7- उक्त साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि कोविड-19 महामारी प्रोटोकॉल के दृष्टिगत साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने से पूर्व वे आयोग की वेबसाइट पर विस्तृत निर्देशों का गहनतापूर्वक अध्ययन कर लें व निम्नलिखित दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने अथवा अनुशासनहीनता की स्थिति में आयोग द्वारा अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है -

i. **अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु आयोग में आने से पहले अपने मोबाईल में आरोग्य सेतु ऐप, यदि अभी तक डाउनलोड न किया गया हो, तो अवश्य डाउनलोड कर लें व आरोग्य सेतु ऐप में अपने स्वास्थ्य से संबन्धित सही-सही जानकारी अपडेट करें।**

ii. **साक्षात्कार हेतु आने वाले अभ्यर्थी सूचना के साथ संलग्न किये गये स्व-घोषणा पत्र को प्रिंट कर, अपना विवरण भरकर, उसे अपने साथ अवश्य लाएं।**

iii. साक्षात्कार हेतु आने वाले अभ्यर्थियों को आयोग कार्यालय परिसर में फेस-कवर/मास्क पहनकर आना अनिवार्य है। अभ्यर्थी फेस-कवर/मास्क पहनकर ही आयोग कार्यालय में प्रवेश करेंगे तथा परिसर में अनावश्यक इधर-उधर विचरण नहीं करेंगे।

iv. अभ्यर्थी आयोग परिसर में प्रवेश करने से पूर्व सर्वप्रथम निर्धारित स्थान पर हस्त प्रक्षालन के उपरान्त कोविड हेल्प डेस्क पर रिपोर्ट करेंगे। कोविड हेल्प डेस्क पर अभ्यर्थी पूर्ण विवरण सहित अपना स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करेंगें, जहां थर्मल स्कैनर से उनका तापमान चेक किया जायेगा, पल्स आक्सीमीटर से आक्सीजन स्तर की जांच की जाएगी व आरोग्य सेतु ऐप के अनुसार उनके कोविड रिस्क की स्थिति की प्रविष्टि स्व-घोषणा पत्र पर की जाएगी। आरोग्य सेतु ऐप की जांच के उपरान्त अभ्यर्थी का मोबाइल फोन कोविड हेल्प डेस्क पर ही जमा करा लिया जाएगा। आयोग परिसर के अंदर मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबन्धित है।

v. बुखार, खाँसी, गले में खरास, साँस लेने में तकलीफ लक्षण वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु प्रवेश नहीं दिया दिया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार वैकल्पिक तिथि (दिनांक 06-10-2020) को आयोजित किया जाएगा।

vi. अभ्यर्थी अपने साथ केवल शैक्षिक अभिलेख एवं साक्षात्कार पत्र एक पतले फोल्डर में लेकर आयेंगे। किसी भी प्रकार का अन्य सामान एवं मोबाइल फोन आदि आयोग कार्यालय के अंदर लाने की अनुमति नहीं है। अभ्यर्थी अपने पीने हेतु पानी की बोतल साथ रख सकते हैं।

vii. अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सेनिटाइजर, मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन करेंगे,आपस में एक-दूसरे से 6 फीट की दूरी बनाये रखेगे, खांसते या छींकते समय टिश्यू पेपर/ रूमाल से मुंह और नाक को ढ़कना सुनिश्चित करेंगें व प्रयुक्त टिश्यू पेपर को डस्टबिन में ही डालेंगे। परिसर में इधर-उधर थूकना पूर्णतया वर्जित है।

संलग्नक- स्व- घोषणा पत्र।

03/09/2020

(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)

सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।**
विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा (वि0च0)/2017
कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2017

**स्व घोषणा पत्र**

अनुक्रमांक– ..................................................

साक्षात्कार तिथि– .......................................

01– मैंने अपने मोबाइल में आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड/अपडेट किया है।

02– मेरे द्वारा आरोग्य सेतु एप्प में सही–सही विवरण के साथ स्व मूल्यांकन किया गया है तथा आरोग्य सेतु एप्प के अनुसार मैं सुरक्षित/लो रिस्क/हाई रिस्क* की श्रेणी में हूँ।

03– मैं मास्क, हैण्ड सेनेटाइजर का प्रयोग कर रहा हूँ और मेरे पास पानी की बोतल है।

04– मैं खांसी, बुखार, सांस लेने में दिक्कत, गंध या स्वाद की हानि जैसे लक्षण का अनुभव नहीं कर रहा हूँ।

05– मैं आयोग परिसर/कार्यालय में अनावश्यक विचरण नहीं करूँगा और न ही यत्र–तत्र थूकूँगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर..................................

पंजीकरण संख्या.......................................

*जो लागू न हो, उसे काट दिया जाए।

प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क द्वारा भरा जाए–

01– परीक्षण की तिथि ...................................... व समय ..............................

02– अभ्यर्थी के शरीर का तापमान– ...........................

03– अभ्यर्थी का ऑक्सीजन स्तर– ........................

हस्ताक्षर..........................................................

नाम प्रभारी ....................................................

**प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क**

टेबल सं0

| |
|---|
| |